तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 5 अक्टूबर 2025

सभी गांवों को नक्सल मुक्त करना आप सबकी ... 14



निर्विघ्न दशहरा सम्पन्न होने के बाद .... 14





## खातिगुड़ा डेम से नहीं छोड़ा गया पानी, बस्तर में बाढ़ का खतरा टला

**नवरंगपुर स्थित इन्द्रावती नदी जलाशय में डेंजर लेवल से पानी कम हुआ**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



ओड़िसा में दो दिन पहले तक हुई भारी बारिश और खातिगुड़ा जलाशय (डेम) के कैचमेंट एरिया में जमकर हुई वर्षा के चलते 2 अक्टूबर को डेम में जलस्तर 640 मीटर तक जा पहुंचा था, डेंजर लेवल 641.50 मीटर जलस्तर पहुंच जाता तो जलाशय से पानी छोड़ने की स्थिति निर्मित हुई थी। जलाशय के कैचमेंट एरिया में जैसा मौसम विभाग ने 2 अक्टूबर को भारी बारिश होने की चेतावनी दी थी किंतु भारी बारिश नही होने से जलाशय में जलस्तर डेंजर लेवल को पार नही किया। इसके चलते खातिगुड़ा परियोजना नवरंगपुर से पानी छोड़ने की नौबत नही आया। यही कारण है कि बस्तर में बाढ़ का खतरा फिलहाल टल गया है। बावजूद पिछले दो दिनों में खातिगुड़ा जलाशय के कैचमेंट एरिया में भारी बारिश होने से इन्द्रावती नदी के डाउन स्ट्रीम(बस्तर) क्षेत्र में जलस्तर में शुक्रवार शाम 6 बजे से वृद्धि होना प्रारम्भ हो गया था। केंद्रीय जल आयोग से मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार की शाम 6 बजे इन्द्रावती नदी पुराने पुल गेज साइट में जलस्तर 6.05 रहा। जो हर एक घण्टे के अंतराल में 14 से 20 सेंटीमीटर की रफ्तार से वृद्धि दर्ज की गई। शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात्रि 2 बजे से पुराने पुल गेजसाइट में जलस्तर स्थिर होकर शनिवार सुबह 6 बजे तक 6.78 तक बना रहा। शनिवार सुबह 7 बजे से इन्द्रावती नदी पुराने पुल गेजसाइट में जलस्तर में कमी आई और जलस्तर 6.73 दर्ज किया गया।

■ इन्द्रावती नदी पुराने पुल में शाम 6 बजे जलस्तर 5 .98 जा पहुंचा

आज शाम 6 बजे पुराने पुल गेजसाइट में जलस्तर 5.98 तक दर्ज किया गया। केंद्रीय जल आयोग कुम्हारपारा दफ्तर से मिली जानकारी अनुसार अब जलस्तर में लगातार गिरावट हो रही है।

### पानी छोड़ने कलेक्टर को भेजा था मेल

बस्तर से सटे ओड़िसा के नवरंगपुर में स्थित इन्द्रावती जल परियोजना खातिगुड़ा डेम में जलस्तर ने भारी वृद्धि होने से डेम से पानी शुक्रवार रात को छोड़ने के संकेत दिए थे। इस आशय के मेल जलाशय के अतिरिक्त मुख्य अभियंता ने बस्तर कलेक्टर को मेल के जरिये 2 अक्टूबर को संदेश प्रेषित किया था। डेम से पानी छोड़ने की स्थिति में इन्द्रावती नदी के डाउन स्ट्रीम बस्तर में बाढ़ का खतरा बना हुआ था, जो शनिवार 4 अक्टूबर की स्थिति में टल गया।

### इन्द्रावती नदी पुराने पुल पर देर शाम जलस्तर 5.98 मीटर

ओड़िसा में बुधवार-गुरुवार दो दिनों तक हुई भारी बारिश और इन्द्रावती नदी जगदलपुर के पुराने पुल गेजसाइट में शुक्रवार की शाम 5 बजे जलस्तर 5.91 मीटर तक जा पहुंचा। जबकि शनिवार शाम 6 बजे जलस्तर में कमी आकर 5.98 मीटर दर्ज किया गया।

## ग्रास रुट पर चर्चा के बाद ही कांग्रेस जिलाध्यक्ष की करेंगे नियुक्त : उल्का

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर तथा ग्रामीण संगठन में जिलाध्यक्ष चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए शनिवार को आल इंडिया कांग्रेस कमेटी से नियुक्त पर्यवेक्षक व कोरापुट ओड़िशा के सांसद सप्तगिरि उल्का राजीव भवन में बंद कमरे में रायशुमारी की। उनके साथ प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी प्रेमसाय सिंह टेकाम एवं नोबल वर्मा भी शामिल थे। लंबे अर्से बाद शनिवार को कांग्रेस भवन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ जुटी रही। जिलाध्यक्ष बनने चार दावेदार अपने अपने समर्थकों को लेकर अपने पक्ष में माहौल बनाने में जुटे रहे। एआईआइसीसी आब्जर्बर सप्तगिरि उल्का जिलाध्यक्ष नियुक्त के लिए बंद कमरे में 15 से 20 वरिष्ठ कांग्रेसियों से रायशुमारी की। इस दौरान सभी से वन-टू-वन नए जिलाध्यक्ष के लिए उनके पसंद का नाम पूछे। विदित हो कि शहर जिला कांग्रेस कमेटी में 4 केंडिटेट जिलाध्यक्ष की दावेदारी कर रहे है। इनमे वर्तमान जिलाध्यक्ष सुशील मोर्य समेत अनवर खान, हेमू उपाध्याय एवं संतोष यादव सम्मलित है। जबकि ग्रामीण जिलाध्यक्ष के लिए वर्तमान जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला सम्मलित है। कांग्रेस संगठन चुनाव के लिए पहुंचे एआईआइसीसी आब्जर्बर सप्तगिरी उल्का कार्यकर्ताओ की बैठक में स्पष्ट कर दिया कि सृजन कांग्रेस संगठन द्वारा ग्रासरूट के लोगों से मुलाकात और चर्चा कर उपयुक्त जिलाध्यक्ष की राय ली जाएगी। उसके बाद ही जिलाध्यक्ष की नियुक्ति की जाएगी। बंद कमरे में जिन वरिष्ठ कांग्रेसियों से उनकी राय ली गई,उनमें पूर्व विधायक रेखचन्द जैन,पूर्व विधायक चन्दन कश्यप,उमाशंकर शुक्ला,मिथलेश स्वर्णकार,पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, उदयनाथ जेम्स,राजेश चौधरी,प्रकाश अग्रवाल, राजकुमार झा,अमजद खान समेत अन्य सम्मलित थे।






## अभिनंदन भोज में शामिल हुए अमित शाह

**जगदलपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने लालबाग में कार्यक्रम के उपरांत मांझी, चालकी, मेम्बर, मेंबरीन के साथ सामूहिक भोज किया। इस सामूहिक भोज को अभिनंदन भोज नाम दिया गया है।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का एयरपोर्ट में किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बस्तर दशहरा के मुरिया दरबार में शामिल होने के लिए जगदलपुर पहुंचे। जगदलपुर में स्थित मां दंतेश्वरी हवाई अड्डे पर मंत्री, सांसद, विधायक, अन्य जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारियों ने केंद्रीय गृहमंत्री का आत्मीय स्वागत किया गया। केंद्रीय गृहमंत्री मूरिया दरबार, लाल बाग में प्रदर्शनी का अवलोकन किया। केंद्रीय गृहमंत्री के साथ में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी पहुंचे। हवाई अड्डे पर वन मंत्री केदार कश्यप, जनजाति कल्याण मंत्री राम विचार नेताम, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ,बस्तर सांसद महेश कश्यप, जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव, कोंडागांव विधायक लता उसेंडी, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, विधायक कांकेर आशाराम नेताम जगदलपुर के महापौर संजय पांडेय, ब्रेवरेज कापोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, पूर्व विधायक संतोष बाफना, लच्छूराम कश्यप, दिनेश कश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और डीजीपी अरुण देव गौतम, प्रमुख सचिव मनोज पिंगुआ, कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदर राज पी., कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने स्वागत किया।






खबर संक्षेप



## प्रेमप्रकाश आश्रम में हुआ कन्या पूजन

धमतरी। श्री प्रेमप्रकाश आश्रम में आयोजित 20 वें वार्षिक महोत्सव में बुधवार को विविध धार्मिक कार्यक्रम हुए। प्रातः भगवान लक्ष्मीनारायण, आचार्यश्री एवं गुरुजनों के स्वरूपों का पूजन कर नवीन पोषाक अर्पित की गई। स्वामी सर्वानंद महाराज के 129वें जन्मोत्सव पर 129 कन्याओं को भोजन व सामग्री भेंट कर पूजन किया गया। कार्यक्रम का समापन भजन, नृत्य और प्रसादी वितरण के साथ हुआ।

## सिन्हा समाज की महिलाओं ने किया पौधरोपण




धमतरी। महिला मंच सिन्हा समाज डोड़की द्वारा गांधी जयंती पर पौधरोपण किया गया। मौके पर चन्द्रहास सिन्हा जिलाध्यक्ष सिन्हा समाज, हेमशंकर सिन्हा कोषाध्यक्ष, श्रीमती रामबती सिन्हा सरपंच डोड़की, सुनील शाह शिक्षक अजीम प्रेमजी शंकरदाह, प्रदीप सिन्हा पूर्व सरपंच डोड़की, श्रीमती हितेश्वरी सिन्हा महिला प्रमुख सिन्हा समाज डोड़की, श्रीमती पुष्पा सिन्हा, खिलेश्वरी सिन्हा, कुमारी सिन्हा, खोमेश्वरी सिन्हा, मालती सिन्हा, सुखंतीन सिन्हा, संतोष सिन्हा समेत अन्य उपस्थित थे।

## झांकियां समाज को नारी सम्मान और धार्मिक चेतना का संदेश देती हैं



धमतरी। हिंदू जागरण मंच एवं दुर्गा झांकी आयोजन समिति के तत्वावधान में शारदीय नवरात्र की नवमी को घड़ी चौक में माता रानी झांकी विसर्जन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सात दुर्गा पंडाल समितियों ने भाग लिया, जहां मां दुर्गा की विभिन्न लीलाओं को दर्शाते हुए धर्म की विजय का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि दीपक सिंह ठाकुर प्रांत युवा प्रमुख हिंदू जागरण मंच ने कहा कि मां की झांकियां समाज को नारी सम्मान और धार्मिक चेतना का संदेश देती हैं। कार्यक्रम में सभी आयोजक समितियों को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। महोत्सव में महापौर रामू रोहरा, हेमराज सोनी, अविनाश दुबे सहित अनेक जनप्रतिनिधि और समाजसेवी उपस्थित थे। श्याम संकीर्तन भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीतों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। गौ माता संरक्षण और डॉग केयर को लेकर पीयूष पारख ने जागरूकता पोस्टर प्रदर्शित किए।

## जसगीत, भंडारा के बाद माता को दी विदाई



**धमतरी।** श्री विनायक नवदुर्गा उत्सव समिति बरपारा सोरिद का दुर्गोत्सव आकर्षक रहा। नौ दिन तक नियमित भजन, जसगीत के बाद भण्डारा का आयोजन किया गया। दसवें दिन 2 अक्टूबर को माता की विदाई की गई। शारदीय नवरात्रि में बरपारा सोरिद चौक में नव दुर्गा शक्ति प्रतिमा की स्थापना की गई थी। दुर्गा पंडाल में विशेष-पूजा अर्चना के साथ प्रतिरात्रि सेवा भजन गीत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अंचल की मण्डलियों द्वारा सेवाभक्ति भजन प्रस्तुति दी गई। अंतिम दिन विशाल भण्डारे का आयोजन कर सैकड़ों भक्तों को ससम्मान प्रसादी भोजन कराया गया। भण्डारे के बाद गरबा के साथ विविध प्रतियोगिता भी हुई। जसगीत के साथ विदाई शोभायात्रा निकालकर सोरिदभाट के नवा तालाब में प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

# राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए देवंतीन हुईं चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- उत्तर बस्तर सेक्टर की टीम से लेंगी हिस्सा
- नरहरपुर में किए प्रदर्शन के आधार पर मिला मौका

शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोण्डागांव की एम.ए. प्रथम वर्ष की छात्र देवंतीन का चयन छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी महिला प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वे इस प्रतियोगिता में उत्तर बस्तर सेक्टर की टीम से खेलेंगी। हाल ही में शासकीय नवीन महाविद्यालय, नरहरपुर जिला कांकेर में आयोजित सेक्टर स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में देवंतीन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। उनके इसी शानदार खेल के आधार पर उन्हें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुना गया है।

आगामी प्रतियोगिता का आयोजन 6 और 7 अक्टूबर को रायपुर स्थित शासकीय दुधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय में होगा, जिसमें कुल 11 सेक्टरों की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता से पूर्व खिलाड़ियों के लिए 4 और 5 अक्टूबर को कांकेर के शासकीय इंदु केवट कन्या महाविद्यालय में विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी एच.आर. यदु ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राचार्या डॉ. सरला आत्रम के मार्गदर्शन में जुलाई माह से ही नियमित अभ्यास कराया जा रहा है। इसका परिणाम है कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं लगातार राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा रहे हैं। देवंतीन के चयन पर महाविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। सभी प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त की कि वे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन कर जिले और महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगी।



## प्रियंका का स्टेट कब्बड़ी स्पर्धा के लिए हुआ चयन

**फरसगांव।** शासकीय कन्या आदर्श आवसीय महाविद्यालय कोंडागांव की बीएससी कि छात्रा कु. प्रियंका कुलदीप का चयन छत्तीसगढ शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कब्बडी(महिला) प्रतियोगिता के लिए हुआ है. प्रियंका उत्तर बस्तर सेक्टर कि टीम का प्रतिनिधित्व करेगी यह चयन हाल ही में शासकीय नवीन महाविद्यालय नरहरपुर में आयोजित सेक्टर स्तरीय कब्बड्डी प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया हैं आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 6से 7 अक्टुबर 2025 तक शासकीय दुधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय , रायपुर में होगा जिसमें कुल 11 सेक्टरो कि टीम भाग लेगी। प्रतियोगिता पूर्व खिलाडियों को विशेष प्रशिक्षण हेतु 4 से 5 अक्टुबर तक शासकीय इंदु केवट कन्या महाविद्यालय कांकेर में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा हैं। महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी सुनील देव जोशी ने बताया कि प्राचार्य डा. तिलक चंद देवांगन के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में सभी खेलो का अभ्यास छात्राओं को कराया जाता हैं । इसी का परिश्रम का परिणाम है कि छात्राएं राज्य एवं राष्टीय स्तर पर लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। आपको बता दे कि कु. प्रियंका कुलदीप ग्राम बानगांव निवासी सीजी कॉमेडियन मुकुंद कुलदीप की बहन है।



### एक एक गांव को एक करोड़ मिलेगा तो कोई समस्या नहीं रहेगी

# सभी गांवों को नक्सल मुक्त करना आप सबकी जिम्मेदारी : केंद्रीय गृहमंत्री शाह

मुरिया दरबार में अमित शाह ने मांझी चालकी और ग्राम प्रमुखों से शांति में सहभागी बनने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सांसद महेश कश्यप के आमंत्रण पर 75 दिन के दशहरा पर्व की मुरिया दरबार में शामिल होने का अवसर मिला। यहां आकर संतोष और खुशी मिली। यहां उपस्थित सारे लोग गांव के मुखिया और प्रमुख हैं। बस्तर के एक एक गांव को नक्सल मुक्त करने की जिम्मेदारी आप सबकी बनती हैं। इसलिए राह भटके हुए गांव के लोगों को हथियार छोड़कर शांति का मार्ग चुनने के लिए समझाएं । केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को मुरिया दरबार में अपने संबोधन में यह उद्गार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प दृढ़ हैं लेकिन इसमें आप लोगों की मदद जरूरी हैं। नक्सलमुक्त एक गांव को एक करोड़ रूपये सरकार विकास के लिए अलग से दे रही हैं। इस राशि से कोई समस्या गांव में नहीं रहेगी। जो गांव हिंसा से मुक्त हुए वहां खुशहाली आई हैं। इसलिए 6 महिने में पूरे बस्तर से नक्सल समस्या को खत्म करना हैं। हम चाहते हैं बस्तर का युवा डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस बनकर पूरे राज्य की सेवा करे। यह तभी संभव हैं जब बस्तर का पूरा वातावरण बदलेगा। शांति समृद्धि आएगी तो विकास अपने आप तेज होगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि नक्लसवाद खत्म होने के बाद गांव गांव में स्कूल और नौकरी, रोजगार के लिए संस्थाएं खोली जाएगी। हम बिजली खंभा लगाते हैं और वे उखाड़ देते हैं। इसलिए बस्तर अभी तक पिछड़ा और विकास से दूर हैं।



**2 मांझी ने पहनाई अमित शाह को पगड़ी :** मुरिया दरबार में पहली बार पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का अभिनंदन करते दो मांझी ने पगड़ी पहनाया। इस मौके पर वन मंत्री केदार कश्यप, मंत्री रामविचार नेताम, लक्ष्मी राजवाड़े ,महाराजा कमलचंद भंजदेव, विधायक किरण देव ,सांसद कांकेर भोजराज नाग समेत अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी मौजूद रहे।

### एनएमडीसी में बस्तर के युवाओं को मिले नौकरी

दंतेवाड़ा जिले के फरसपाल के मांझी अर्जुन कर्मा ने कहा कि सबसे ज्यादा कमाई लोहा से एनएमडीसी को होता हैं। इसलिए यहां के सभी गांव में विकास किया जाएं। जबकि स्कूल आंगनबाड़ी, पानी और अन्य समस्याएं यहां हैं। स्थानीय युवाओं को नौकरी मिलना चाहिए । सुकमा जिले के हमीरगढ़ के मांझी ने सड़क और बिजली की समस्या को गंभीर बताते निराकरण की मांग की। करेंकोट के मांझी और गढ़िया के बलराम मांझी ने भी अपने क्षेत्र की समस्या बताई।

### बस्तर विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि मुरिया दरबार में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का आना हमारे लिए सौभाग्य की बात हैं। उन्होंने 6 महिने में नक्सलवाद खत्म करने का ऐलान किया हैं इसके लिए दोनों सरकारे काम कर रही हैं। हर हाल में बस्तर में हिंसा बंद हो और खुशहाली आए सरकार की यहीं मंशा है। दंतेश्वरी माई से यह प्रार्थना करते है कि बस्तर जैसा समृद्ध ईलाका जल्द हिंसा से मुक्त होगा। यहां विकास की गति तेज होगी। उन्होंने कहा कि दशहरा में दी जाने वाली राशि 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख की जा रही है। उन्होंने मुरिया दरबार में रखे गए समस्या और मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया। उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री वियय शर्मा ने नक्सलवाद खत्म करने का संकल्प दोहराते विश्वास जताया कि बस्तर में पहले की तरह खुशी और उत्साह का वातावरण कायम होगा । सांसद महेश कश्यप ने प्रदिवेदन पढ़ा और अपर कलेक्टर सीपी बघेल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आईईडी ब्लास्ट में घायल महिला साथी को छोड़ा मरने, पुलिस ने बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के मद्देड़ थाना क्षेत्र स्थित बदेंपारा के जंगल में आईईडी प्लांट करते समय ब्लास्ट होने से महिला नक्सली गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे घायल देखकर साथी नक्सली उसका हथियार लेकर उसे मरने के लिए जंगल में छोड़ दिया। इसी दौरान ग्रामीणों व सुरक्षाबलों को उसकी खबर लगी जिसके बाद उसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। एक बार फिर जवानों ने मानवता का परिचय देते हुए घायल महिला नक्सली की जान बचाई जो उनका ही नुकसान करने के लिए अपने साथियों के साथ बम प्लांट कर रही थी। इसकी जानकारी देते हुए एसपी जितेन्द्र यादव ने बताया कि घटना में महिला माओवादी कैडर गुज्जा सोढ़ी गंभीर रूप से घायल हुई है और उसका दाहिना टखना क्षतिग्रस्त हो गया है। आईजी सुन्दरराज पट्टलिंगम ने बताया कि माओवादियों ने घोर निर्दयता और अमानवीयता का परिचय देते हुए घायल महिला साथी को उसका हथियार लेकर जंगल में मरने के लिए तड़पता छोड़ दिया और स्वयं भाग निकले। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने असाधारण साहस और मानवता का परिचय देते हुए घायल महिला को बचाया और उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मद्देड़ पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस एवं सुरक्षा बलों ने घायल महिला माओवादी कैडर को बेहतर उपचार के लिए 4 अक्टूबर की दोपहर जिला अस्पताल बीजापुर रेफर किया गया जहां घायल महिला नक्सली गुज्जा सोढ़ी का इलाज जारी है।





### आईजी ने की नक्सलियों के अमानवीय व्यवहार की निंदा

महिला नक्सली की जान बचाना सुरक्षा बलों की मानवीय एवं संवैधानिक कार्यशैली और बस्तर क्षेत्र में शांति एवं विकास के प्रयासों के प्रति ग्रामीणों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। आईजी ने सुन्दरराज पट्टलिंगम ने माओवादियों के अमानवीय व्यवहार एवं अवैध कृत्य की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह घटना एक बार फिर माओवादी नेतृत्व के निर्दयी और स्वार्थी मानसिकता को उजागर करती है, जो निर्दोष युवाओं को अपने हिंसक एजेंडे का मोहरा बनाते हैं और घायल या असहाय होने पर उन्हें मरने के लिए छोड़ देते हैं। इसके विपरीत, ग्रामीणों और सुरक्षा बलों ने सच्ची मानवता और करुणा का परिचय देते हुए उसी महिला की जान बचाई जिसे माओवादियों ने बरगलाया था। बस्तर के लोगों ने दिखाया कि करुणा और हमारे बलों की प्रतिबद्धता इस क्षेत्र में जड़ें जमा रहे शांति, विश्वास और नक्सल-मुक्त भविष्य के परिवर्तन का प्रतीक है। आईजी ने कहा कि अब समय आ गया है कि माओवादी कैडर, विशेष रूप से स्थानीय स्तर के कैडर माओवादी नेतृत्व की धोखेबाज और विनाशकारी नीति को समझें और हिंसा का मार्ग छोड़ें और समाज की मुख्यधारा में शामिल हों।



# निर्विघ्न दशहरा सम्पन्न होने के बाद काछनदेवी को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्व विख्यात बस्तर दशहरा की रियासतकालीन परम्परानुसार शनिवार को भंगाराम चौक के करीब मंडप में विधि-विधान से काछिन देवी की पूजा-अर्चना के बाद यथाशक्ति बलि देकर कृतज्ञता भेंट की गई। इस दौरान दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी छत्र व के साथ अन्य देवी देवताओं व सेवादारों के साथ मौजूद थे। काछनजात्रा पूजा विधान के मुताबिक दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी प्रेम पाढ़ी व अन्य देवी देवताओं के साथ सेवादार पथरागुड़ा स्थित काछनदेवी के मण्डप में बाजे गाजे के साथ पहुंचे। इस दौरान मण्डप में सैकड़ों की संख्या में देवी देवता मौजूद थे। पुजारी व सेवादारों द्वारा मोहरी बाजा की धून के बीच पूजा अर्चना शुरू की गई। लगभग एक घटें पूजा अर्चना के बाद पुजारी व सेवादार मण्डप से लगभग सौ कदम की दूर स्थित काछनदेवी के मंदिर पहुंचे यहां भी पूजा अचना के बाद बलि दी गई। इसके पश्चात बाजे गाजे के साथ दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी अन्य पुजारी व सेवादारों के साथ वापस दंतेश्वरी मंदिर पहुंचकर देवी के छत्र को मंदिर में स्थापित किया।



### दो घंटे विलंब से शुरू हुआ पूजा अर्चना, आज कुटुम्ब जात्रा

मुरिया दरबार में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शामिल होने से हर वर्ष सुबह 11 बजे होने वाली काछनजात्रा पूजा विधान लगभग दो घटें विलंब से शुरू हो सका। वहीं बस्तर दशहरा में आए देवी देवताओं की विदाई रविवार को कुटुम्ब जात्रा पूजा विधान के बाद दशहरा में आए देवी देवताओं की विदाई की जाएगी। यहां भी दर्जनों बकरों की बलि होगी।

# उत्साहपूर्वक हुआ एकादशीय राज्याभिषेक राजा मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

ग्राम कुसमा में महान प्रतापी राजागुरु गुरूबालकदास साहेब के एकादशीय राज्याभिषेक राजा मेला का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत उनके छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण से की गई। इस अवसर पर विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लता उसेंडी मुख्य अतिथि रहीं, वहीं 100 गवा के समाज प्रमुख विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। लता उसेंडी ने कहा कि अपनी संस्कृति और सभ्यता को संरक्षित रखने के लिए इस प्रकार के आयोजन आवश्यक हैं। यह आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगे। उन्होंने गुरुद्वारा निर्माण एवं राजा मेला के लिए भूमि आबंटन का आश्वासन भी दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मचेला लखमूराम टंडन ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरुघासीदास बाबाजी के सतनाम धर्म को संजोकर रखना और राजा गुरूबालकदास साहेब के सपनों को साकार करना हम सभी की जिम्मेदारी है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक कलाकार भगत गुलेरी पामगढ़, उड़ीसा का घुमरा पंथी दल, शिव मिरी एवं साथी भजन मंडली ने प्रस्तुति दी, जो देर रात तक चली।





### 137 गांवों से उमडी भीड़

राजा मेला में 137 गांवों से हजारों की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। मुख्य रूप से सानू मार्कण्डेय, एम.आर. आदिले, केके खेलवार, अमृत लाल मौर्य, संतु बंधे, विष्णु टंडन, भगवानो टंडन सहित बड़ी संख्या में समाज प्रमुख उपस्थित रहे। मेले को सफल बनाने के लिए राजा मेला समिति अध्यक्ष सुरेश बघेल ने सभी अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# सड़क सुरक्षा और साइबर ठगी पर नुक्कड़ नाटक से दिया जागरुकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतुली के रेडक्रॉस एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में लेखक एवं निर्देशक आकाश गिरी गोस्वामी द्वारा तैयार नुक्कड़ नाटक सावधानी ही सुरक्षा का मंचन किया गया। नाटक में सड़क पर यातायात नियमों का पालन न करने, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने और नशे में गाड़ी चलाने से होने वाली दुर्घटनाओं को प्रभावशाली तरीके से दर्शाया गया। साथ ही बढ़ती साइबर ठगी की घटनाओं से भी लोगों को जागरूक किया गया। नाटक में आकाशगिरी गोस्वामी, धर्मेंद्र साहू, नवीन पटेल, अभय प्रताप सिंह, मायांशी साहू, वर्षा सिन्हा, मीनाक्षी धनकर, लोकेंद्र साहू, थानेंद्र साहू और सूर्यकांत गिरी गोस्वामी ने अपने-अपने पात्रों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। सभी कलाकारों को पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार द्वारा प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. यूएल कौशिक, रेडक्रॉस चेयरपर्सन प्राप्ति वासानी, वाइस चेयरमैन शिवा प्रधान, प्राचार्य टीआर नागवंशी एवं जिला प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।



# कोण्डागांव में निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण का आठवां चरण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, कोण्डागांव के तत्वावधान में विकास नगर स्टेडियम में निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण का आठवां चरण प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर दीप प्रज्वलित करने और भारत माता की जय घोष के साथ की गई। प्रशिक्षण के लिए पहुँचे सभी युवक-युवतियों का पंजीयन किया गया। उन्हें आगामी सैन्य और अर्द्धसैन्य बलों की भर्ती प्रक्रियाओं के लिए जानकारी दी गई।

प्रशिक्षणार्थियों को अग्निवीर, थल सेना, जल सेना, वायु सेना, आईटीबीपी, सीआरपीएफ, बीएसएफ, असम राइफल्स, एसएसबी, छत्तीसगढ़ आर्म्ड पुलिस फोर्स, रेलवे पुलिस फोर्स, छत्तीसगढ़ पुलिस, बस्तर फाइटर्स, होमगार्ड और फॉरेस्ट गार्ड जैसे पदों की भर्ती के लिए मार्गदर्शन एवं शारीरिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर परिषद के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिला अध्यक्ष सूरज यादव, उपाध्यक्ष अजनेर लकड़ा, सचिव उमेश साहू, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, सह सचिव रवि ठाकुर, सदस्य रतिराम सोरी, सेवारत सैनिक श्रीकांत तिवारी सहित प्रशिक्षणार्थी युवक-युवतियाँ मौजूद रहे।



# युवाओं से राष्ट्र सेवा में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर बचेली मंडल शुक्रवार को एक अभूतपूर्व आयोजन का साक्षी बना। विजयादशमी के पावन पर्व पर नया बस स्टैंड परिसर में आयोजित इस भव्य उत्सव में शौर्य, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की त्रिवेणी देखने को मिली, जहाँ सैकड़ों स्वयंसेवकों और गणमान्य नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 4 बजे एक अनुशासित और भव्य पथ संचलन से हुआ। पूर्ण गणवेश में सजे स्वयंसेवकों के कदमताल और भारत माता की जय के नारों से, नगर का वातावरण देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया। यह संचलन नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा, जहां नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। संचलन के समापन के पश्चात, शाम 5 बजे विधि-विधान से शस्त्र पूजन किया गया, जो अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है।





इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्णेंद्र सिन्हा, प्रांत सह मंत्री, विश्व हिंदू परिषद, छत्तीसगढ़ ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में संघ की 100 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, संघ केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक विचार है जो व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का लक्ष्य रखता है। आज जब संघ अपनी शताब्दी मना रहा है, तो यह हर स्वयंसेवक के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र सेवा में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का आह्वान किया।

इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में राजनीतिक क्षेत्र की भी सशक्त भागीदारी रही। भाजपा मंडल अध्यक्ष के अगुवाई में, मंडल के सभी भाजपा पदाधिकारी, पार्षद, विभिन्न मोर्चा और प्रकोष्ठों के सदस्य एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। उनकी मौजूदगी ने कार्यक्रम को और भी व्यापक स्वरूप प्रदान किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन का श्रेय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बचेली के नगर प्रमुख को जाता है, जिन्होंने अपनी टीम के साथ मिलकर इस ऐतिहासिक दिन को यादगार बनाया। यह आयोजन न केवल संघ के शताब्दी वर्ष का उत्सव था, बल्कि बचेली के सामाजिक और सांस्कृतिक परिदृश्य में एक मील का पत्थर भी साबित हुआ।

## खबर संक्षेप

### ग्राम सभाओं के माध्यम से शुरू हुआ विजन 2030 का मार्ग



**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा जिला सीईओ मुकुन्द ठाकुर के मार्गदर्शन में गांधी जयंती 2 अक्टूबर के अवसर पर सुकमा जिले में आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत ग्राम स्तर पर ग्राम सभाओं का सफल आयोजन किया गया। ग्राम सभाओं में ग्राम कार्ययोजना का वाचन कर सर्वसम्मति से ग्राम विकास से संबंधित प्रस्ताव पारित किए गए। इन सभाओं में ग्रामीणों के साथ ग्राम स्तर के कर्मचारी, जिला स्तरीय अधिकारी, वॉलेंटियर्स, आदि सहयोगी एवं आदि साथी सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए। विदित हो कि केंद्र सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य चिन्हांकित जनजातीय बहुत ग्रामों में सभी की सहभागिता से विजन 2030 को साकार करना है। ग्राम स्तर पर पारित योजनाओं को आगे ब्लॉक व जिला स्तर पर क्रियान्वित कर आवश्यकतानुसार कार्यों को स्वीकृति दी जाएगी। इसके माध्यम से ग्रामों में बुनियादी सुविधाओं की पूर्ति कर सतत विकास के लक्ष्य हासिल किए जाएंगे।

### कलेक्टर ने निर्माण कार्यों का जायजा लिया

दंतेवाड़ा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज किरंदुल में निर्माणाधीन आस्था-2 विद्या मंदिर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल भवन, बालक एवं बालिका छात्रावास, मेस भवन, स्टाफ व सर्वेंट क्वार्टर, बाउंड्री वाल और पहुँच मार्ग सहित चल रहे कार्यों की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि स्कूल भवन को अक्टूबर तक प्लिंथ बीम स्तर तक हर हाल में पूरा किया जाए। इसी तरह बालिका छात्रावास का भूतल स्लैब भी अक्टूबर माह तक पूरा हो और मेस भवन का ग्राउंड फ्लोर तथा सर्वेंट क्वार्टर का प्रथम फ्लोर शीघ्र निर्मित हो।

# गांधी व शास्त्री का सादगी भरा जीवन आज भी भारत वासियों के लिए आदर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल



मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक शाखा किरंदुल के तत्वाधान में यूनियन के अध्यक्ष विनोद कश्यप एवं सचिव एके सिंह के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में श्रम संघ के पदाधिकारियों, सदस्यों के द्वारा 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई।

कार्यक्रम की शुरुआत सद्भावना पदयात्रा के माध्यम से किया गया जो कि नगर के गांधीनगर से प्रारंभ कर नगर के मुख्य मार्ग होते हुए श्रमिक सदन इंटक भवन बस स्टैंड में सद्भावना पदयात्रा का समापन किया गया। सद्भावना पद यात्रा गांधी नगर किरंदुल से प्रारंभ कर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए इंटक भवन पहुंचा जिसमें श्रम संघ के पदाधिकारी, सदस्यों, नगरपरिवार ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए एवं नगर के पांच स्कूल जिसमें बी आई ओ पी हायर सेकंडरी स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, डीए व्ही पब्लिक स्कूल, प्रकाश विद्यालय, शासकीय स्कूलों के छात्र, छात्राओं ने सद्भावना पदयात्रा में भाग लेकर देश भक्ति की भावना को सरोकार करते हुए गांधी जी, शास्त्री जी के आदर्शों को जीवन में उतार कर देश के लिए अपना योगदान देने का संकल्प लिए। इसके पश्चात श्रमिक सदन इंटक भवन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक बीआईओ एम किरंदुल काम्प्लेक्स रविन्द्र नारायण जी के करकमलों से ध्वजारोहण और महात्मा गांधी जी तथा पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के प्रतिमा, छाया चित्र पर माल्यार्पण के साथ साथ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के कर कमलों से दीप प्रज्वलन कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की गई।

नगर परिवार के स्कूली बच्चों ने नृत्य के माध्यम से सरस्वती वंदना की, इस मनमोहक सुंदर प्रस्तुति को उपस्थित दर्शकों ने बहुत सराहना की। मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक के सचिव ए. के . सिंह ने मंचासिन अतिथियों एवं समस्त उपस्थित गणमान्य भाईयों बहनों का स्वागत अभिनन्दन करते हुए स्वागत उद्बोधन में कहा कि महात्मा गांधी तथा भूतपूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री का सादगी भरा जीवन एवं नेतृत्व आज भी भारत वासियों के लिए आदर्श है उनके मार्ग पर चल कर तथा उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात कर एक बेहतर समाज तथा मजबूत राष्ट्र के निर्माण करने में योगदान दे सकते हैं। सर्व धर्म समभाव के माध्यम से मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक ने सभी धर्मों के प्रति सम्मान की भावना दिखाई और लोगों को सीख दी कि, भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है, यहां सभी धर्म समान है तथा सभी एक ही गंतव्य की ओर ले जाते हैं। इस अवसर पर राघव मंदिर के प्रधान पुजारी, जामा मस्जिद के मौलवी, चर्च के पादरी उपस्थित थे, समस्त धर्म गुरु का प्रेरणादायक ज्ञानमार्गी संदेश से उपस्थित दर्शक ओतप्रोत हुए सभी का एक ही आशय रहा कि राष्ट्र हित में राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं भाईचारा हमेशा बनाए रखना है। उपरोक्त अवसर पर मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक रविन्द्र नारायण ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए विजय दशमी दशहरा पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए अपने उद्बोधन में कहे कि महात्मा गांधी जी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जैसे अनेकों देश सेवक नेताओं ने राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना से अनेकों अच्छे अच्छे कार्य किए जिसके कारण आज भी हमारे देश में विभिन्नता के पश्चात भी एकता एवं सामाजिक समरसता बनी हुई है ,आगे भी हमारे देश के महान नेताओं के आदर्शों का पालन हम सबको करना चाहिए। महात्मा गांधी ने अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलते हुए पूरे देश को इस आंदोलन में शामिल होने के लिए आह्वान किया और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री ने किसान की जय हो और जवानों की जय हो का नारा किसानों और जवानों का मनोबल बढ़ाने के किया।

# केंद्र सरकार पर्यावरणविद वांगचुक को निशर्त रिहा करे : ठाकुर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सर्व आदिवासी समाज के संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि पर्यावरणविद सोनम वांगचुक को एनएसए के तहत गिरफ़्तार किया गया है। वांगचुक की गिरफ्तारी का सर्व आदिवासी समाज कड़े शब्दों में निंदा करती है। उन्होंने बताया कि सोनम वांगचुक की निशर्त रिहाई के लिए राष्ट्रपति , प्रधानमंत्री के नाम पूरे देश प्रदेश में आज सभी जिला ब्लॉक में ज्ञापन सौंपा गया। स्थानीय नेतृत्व ने दशकों से लद्दाख को छठी अनुसूची के तहत विशिष्ट संवैधानिक संरचनाएं जैसे स्वायत्त जिला परिषद प्रदान करने तथा पूर्ण राज्य का दर्जे की मांग की है।

पर्यावरणविद् एवं समाजसेवी सोनम वांगचुक की हिरासत और उन पर लगाए गए दमनकारी आरोपों को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए।

लद्दाख के लेह शहर में हुए प्रदर्शन के दौरान 24 सितंबर को सुरक्षा बलों की गोलीबारी में चार नागरिक शहीद हो गए। इस घटना की उच्च-स्तरीय, स्वतंत्र और समयबद्ध न्यायिक जांच होनी चाहिए। स्थानीय बार एसोसिएशन और विभिन्न राजनीतिक नेता भी चार निहत्थे नागरिकों की हत्या की निष्पक्ष जांच की मांग कर चुके हैं।

सोनम वांगचुक के नेतृत्व में चल रहा आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और संविधान सम्मत है। पिछले वर्षों में लद्दाख के नागरिक सड़कों पर शांतिपूर्ण रैलियां और भूख हड़ताल करके राज्य का दर्जा और संवैधानिक सुरक्षा की माँग करते रहे हैं। इस प्रकार के लोकतांत्रिक आंदोलनों को दबाना और चिह्नित कर देशद्रोही कहना संविधान की मौलिक भावना के खिलाफ है।

# कलेक्टर ने किया कुआकोंडा पूरक पोषण आहार उत्पादन केंद्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



कुणाल दुदावत ने शुक्रवार को कुआकोंडा स्थित दंतेश्वरी स्वसहायता समूह द्वारा आगामी संचालित पूरक पोषण आहार उत्पादन केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में रेडी-टू-ईट आहार निर्माण की प्रक्रिया को बारीकी से समझा और महिला समूह की सदस्याओं से पूरे उत्पादन तंत्र की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि उत्पादन इकाई में सुरक्षा और साफ-सफाई के उच्चतम मानकों का पालन होना चाहिए, ताकि यहां तैयार होने वाला पूरक पोषण आहार गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित हो। कलेक्टर ने मशीनों की स्थिति का भी अवलोकन किया और डिस्टोनर, रोस्टर सहित अन्य उपकरणों की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

कलेक्टर दुदावत ने उत्पादन केंद्र परिसर में पौधारोपण कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि यूनिट में निर्माण प्रक्रिया को फ्लो चार्ट और बैनर के रूप में प्रदर्शित किया जाए, ताकि हर सदस्य को इसकी स्पष्ट जानकारी हो। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि उत्पादन इकाई में लगातार तीन दिनों तक ट्राई रन किया जाए तथा निर्माण के दौरान तापमान नियंत्रण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



शासकीय नवीन महाविद्यालय कोण्टा में सेवा पखवाड़ा के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती समारोह का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान गांधी और शास्त्री के जीवन, उनके विचारों एवं आदर्शों को श्रद्धा के साथ स्मरण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सत्य, अहिंसा, सादगी और सेवा की भावना ही राष्ट्रनिर्माण का आधार है। इस अवसर पर उपस्थित जनों को उनके बताये मार्ग पर चलने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प दिलाया गया। समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डी. सुरेश बाबु, कार्यक्रम अधिकारी रासेयो प्रो. शशिकान्त ध्रुवे सहित अतिथि व्याख्याता मुकेश कुमार पटेल, मोहनीश बघेल, चांदनी मरकाम एवं रोहिणी चौरे सम्मिलित रहे।

बस्तर दशहरा पर्व-2025 के शुभ अवसर पर
कोसा एण्ड कॉटन हाथकरघा वस्त्र
आमंत्रण
प्रदर्शनी सह विक्रय
प्रवेश निःशुल्क
20% छूट
दिनांक : 01 अक्टूबर से 08 अक्टूबर - 2025 तक
समय : प्रातः 11.00 से रात्रि 10:00 तक
स्थान - लालबाग ग्राउण्ड, जगदलपुर, स्वदेशी मेला
स्टॉल नं 17 से 26
मुख्य आकर्षण- महामहिम राष्ट्रपति जी से पुरस्कार प्राप्त बुनकरों द्वारा निर्मित
सिल्क एण्ड कॉटन के आकर्षक हैण्डलूम आईटम
- उत्कृष्ट कलात्मक कोसा साड़ियां
- कोसा मलमल, कोसा ड्रेस मटेरियल, कोसा सलवार सूट, सूती साड़ियां, दुपट्टा, शर्टिंग, बेडशीट
- पीलो कव्हर, लुंगी, टॉवेल, नेपकीन, कुर्ता-पायजामा, गमछा
- नेहरू जैकट, दरी एवं और भी बहुत कुछ..
आयोजक - जिला हाथकरघा कार्यालय, जगदलपुर

### संगठन सृजन अभियान प्रभारी व सह प्रभारियों की हुई बैठक



घाटलोहंगा। संगठन सृजन अभियान के प्रभारी सीताराम लांबा एवं सह प्रभारी जयसिंह अग्रवाल, बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल तथा सफी अहमद रायगढ़ पहुंचे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित बैठक में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य कांग्रेस पार्टी की जड़ों को और मजबूत करना है इस अभियान के माध्यम से कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा प्रदान कर जन-जन तक कांग्रेस की विचारधारा पहुँचाई जाएगी।

# माता रानी के विसर्जन शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा







त्रिवेणी संगम और शबरी नदी के पावन तट पर बसा श्रीश्रीश्री माणिकेश्वर की नगरी कोंटा रात माता रानी के विसर्जन शोभा यात्रा में भक्ति और श्रद्धा के रंगों से सराबोर रहा। 69वें शारदीय नवरात्र महोत्सव के समापन अवसर पर नगर के हर कोने से हजारों श्रद्धालु जय माता दी के उद्घोष के साथ शोभा यात्रा में शामिल हुए।

डांडिया नृत्य, देवी झांकियाँ, डीजे की धुन और रंग-बिरंगी रोशनी से पूरा नगर देवमय बना रहा। चार राज्योंछत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। माता रानी की प्रतिमा जब श्री माणिकेश्वर शिव मंदिर से निकली, तो नगर का हर मार्ग भक्ति भाव से झूम उठा।

■ भक्ति और उल्लास से गूंजा नगर, 69वें शारदीय नवरात्र का हुआ समापन

रात्रि 12 बजे शबरी नदी में माता रानी का विसर्जन किया गया। इसके बाद मंदिर प्रांगण में रावण वध का रोमांचक दृश्य हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में संपन्न हुआ।

आंध्र प्रदेश से मंगवाई गई भव्य आतिशबाजियों की गूंज और आसमान में चमकते रंगों ने रात को यादगार बना दिया। विसर्जन शोभा यात्रा में तितलागढ़ (ओडिशा) के कलाकारों की नृत्य प्रस्तुतियाँ, काली माता टूप की अद्भुत झलकियाँ और भगवान के विविध स्वरूपों की झांकियाँ लोगों को मंत्रमुग्ध कर रहीं थीं। नगर में ऐसा आलौकिक दृश्य बना कि चारों दिशाओं से केवल "जय माता दी" की प्रतिध्वनि सुनाई दे रही थी।

### कोंटा बना सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक

कोंटा का शारदीय नवरात्र महोत्सव अब केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि आस्था और एकता का प्रतीक बन गया है। लगभग सात दशक पूर्व जब कोंटा एक छोटा कस्बा था, तब पुरानी बस्ती (वार्ड 14 और 15, कोल्हुपारा) में श्रद्धालुओं ने इस परंपरा की नींव रखी थी। तब झांकी केवल तीन बैलगाड़ियों में निकलती थी और गांव के लोग अपनी मेहनत और भक्ति से माता रानी के स्वरूप को साकार करते थे। आज, समय के साथ आधुनिकता आई है, लेकिन श्रद्धा वैसी ही अटल बनी हुई है। पिछले एक दशक से नगर में 11 ट्रैक्टरों पर सजी भव्य झांकियाँ निकलती हैं, जिन्हें देखने के लिए 100 किलोमीटर तक से श्रद्धालु आते हैं। कोंटा का दशहरा अब बस्तर नहीं, बल्कि पूरे दक्षिण छत्तीसगढ़ का आध्यात्मिक केंद्र बन चुका है।

### कोंटा का दशहरा बना चार राज्यों की आस्था का संगम

कोंटा का दशहरा अब केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि चार राज्यों की संस्कृति और भक्ति का मिलन स्थल बन चुका है। शबरी तट पर माता रानी के विसर्जन के क्षणों में जब आसमान में आतिशबाजी और नदी में दीपों की लौ एक साथ चमकी, तो दृश्य ऐसा था मानो पूरा कोंटा देवभूमि बन गया हो। यह पर्व केवल धार्मिक नहीं बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक विरासत और परंपरा की पहचान बन चुका है। 69 वर्षों से सतत जारी यह आयोजन बताता है कि आस्था की जड़ें कितनी गहरी हैं और कोंटा की भूमि अब भी उतनी ही पवित्र है जितनी उसके आरंभिक दिनों में थी। भक्ति,अनुशासन और जनसहभागिता का यह संगम आने वाले वर्षों में कोंटा को प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक केंद्र बना सकता है।

### सुरक्षा के मोर्चे पर पुलिस की सजगता रही सराहनीय

चार राज्यों से उमड़ी भीड़ और राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच पर लगातार यातायात के बीच पुलिस प्रशासन ने अभूतपूर्व व्यवस्था बनाई। हर प्रमुख चौराहे और मार्ग पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। कोंटा के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वयं मैदान में उतरकर ट्रैफिक को नियंत्रित किया ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन में कोई असुविधा न हो।कोंटा पुलिस की सतर्कता के चलते पूरी शोभा यात्रा शांति और अनुशासन के साथ संपन्न हुई। एनएच-30 पर वाहनों का सुचारू संचालन, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था को लोगों ने खूब सराहा। स्थानीय नागरिकों ने भी कहा कि इस वर्ष की पुलिस व्यवस्था अब तक की सबसे बेहतर रही।

### बच्चों को जीवन विकास की छोटी छोटी बातों को समझाया

**गीदम।** ओसवाल जैन संघ के तत्वाधान में 5 दिवसीय आवासीय शिविर शरणम का आयोजन 28 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आचार्य 1008 रामलाल मसा की सुशिष्या सुयशा जी आदि ठाणा 4 के सानिध्य में किया गया। जिसमें गीदम, तोंगपाल, सोनारपाल के 53 बच्चों ने भाग लिया। पूज्य मसा ने अथक पुरुषार्थ करके बच्चों को जीवन विकास की छोटी छोटी बातों को समझाया और अध्यात्म से जोड़ने का प्रयास किए।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दिनभर धूप-छांव का खेल चलता रहा,रुक-रुक कर वर्षा जारी रही

**जगदलपुर**। शनिवार को सुबह मौसम कुछ देर के लिए साफ था और आसमान खुलने से धूप निकली। सुबह 11 बजे के बाद एकाएक मौसम में बदलाव हुआ और आसमान में काले बादल मंडराने लगे। इसका प्रभाव बारिश में तब्दील हुआ। हालांकि अंचल में शनिवार को पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक थोड़ी-थोड़ी देर में बूंदाबांदी तो कभी तेज बारिश होती रही। दोपहर 3 बजे के बाद आसमान फिर साफ हुआ और शाम 4 बजे धूप निकला। कुल मिलाकर आज दिनभर धूप-छांव का खेल जारी रहा। इधर मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के अनुसार पिछले पिछले 24 घंटों में छत्तीसगढ़ के सभी संभागों में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हुई, तथा एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा हुई। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 31.6सी दुर्ग में तथा सबसे कम न्यूनतम तापमान 20.6सी दुर्ग में दर्ज किया गया। प्रदेश में दक्षिण बस्तर के बारसूर में सर्वाधिक 70 एमएम वर्षा दर्ज किया। जबकि अधिकांश स्थानों पर 3 सेमी से कम वर्षा दर्ज किया गया।
मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी रेखा उज्जैन,झांसी से होकर गुजर रही है। वही पश्चिमी झारखंड और दक्षिण बिहार,दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश और उत्तरी छत्तीसगढ़ के आसपास के इलाकों में अच्छी तरह से चिह्नित निम्न दबाव शनिवार को 2.30 बजे आईएसटी पर उसी क्षेत्र में बना रहा। संबंधित चक्रवाती परिसंचरण अब समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। मौसम विज्ञानी के अनुसार इसके उत्तर-उत्तर-पूर्व की ओर बिहार की ओर बढ़ने और अगले 12 घंटों के दौरान धीरे-धीरे कम दबाव वाले क्षेत्र में कमजोर होने की संभावना है। पश्चिम झारखंड और दक्षिण बिहार,दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश और उत्तरी छत्तीसगढ़ के आसपास के इलाकों में औसत समुद्र तल से 1.5 और 5.8 किमी ऊपर अच्छी तरह से चिह्नित निम्न दबाव क्षेत्र से जुड़े चक्रवाती परिसंचरण के माध्यम से पूर्वोत्तर बिहार से पूर्वी विदर्भ तक द्रोणिका बनी हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर ने रविवार को पूर्वानुमान जारी करते कहा कि प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

### अजजा आयोग के सलाहकार ने जनप्रतिनिधियों से की चर्चा



**भानुप्रतापपुर**। अनुसूचित जनजाति आयोग के वरिष्ठ सलाहकार एवं पूर्व न्यायाधीश प्रकाश कुमार उइके भानुप्रतापपुर प्रवास के दौरान रेस्टहाउस में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से मुलाकात किया। बैठक में आरक्षण, स्थानीय भर्ती, खनन से विस्थापन, पेसा अधिनियम, वनाधिकार कानून, शिक्षा, रोजगार और धर्मांतरण जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। ग्रामीणों ने खनन से हो रहे संकट और धर्मांतरण पर चिंता जताई। उन्होने आश्वासन दिया कि सभी सुझाव आयोग एवं संबंधित विभागों तक पहुँचाए जाएंगे। आयोजित बैठक में किरण नरेटी, निखिल सिंह राठौर, कोमल हुपेंडी सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भारत में विश्व अंतरिक्ष सप्ताह के आयोजन के लिए अमुजुरी विश्वनाथ को विश्व अंतरिक्ष संघ टेक्सास यूएसए से मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम





अंतरिक्ष विज्ञान क्षेत्र के संभावनाएं एवं ज्ञान को लोगों तक पहुंचाने के लिए वर्ल्ड स्पेस विक एसोसिएशन विश्व अंतरिक्ष सप्ताह संघ ह्यूस्टन, टेक्सास, यूएसए द्वारा वर्ष के लिए विश्व अंतरिक्ष सप्ताह का विषय लिविंग इन स्पेस अंतरिक्ष में रहना चयनित किया गया है। यूनिवर्सल साइंस, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन काउंसिल-इंडिया यूनिवर्सल विज्ञान, तकनीकि एवं नवाचार परिषद भारत संस्था के प्रमुख अमुजुरी विश्वनाथ को ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से भारत में विश्व अंतरिक्ष सप्ताह कार्यक्रम आयोजन करने का मौका प्राप्त हुआ है। छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा केंद्र एवं ओडिशा में कोटपाड़ केंद्र से केवल एक मात्र आयोजक अमुजुरी विश्वनाथ को विश्व अंतरिक्ष सप्ताह संघ हयूस्टन, टेक्सास यूएसए द्वारा भारत समेत विश्व स्तर पर कार्यक्रम का संचालन करने हेतु आधिकारिक पुष्टि मिली है। यूनिवर्सल विज्ञान, तकनीकि एवं नवाचार परिषद -भारत संस्था के व्यवस्थापक व प्रमुख तथा स्पेस फाउंडेशन कोलोराडो यूएसए के अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक संपर्क अधिकारी अमुजुरी विश्वनाथ ने जानकारी दिया कि कार्यक्रम के लिए राष्ट्रीय वैमानिकी और अंतरिक्ष प्रशासन नासा, स्पेस फाउंडेशन कोलोराडो यूएसए, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो, अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ, अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ, अंतरिक्ष शिक्षा अनुसंधान एवं विकास संथा, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इंटरनेशनल फाउंडेशन, ग्रीन केयर सोसाइटी इंडिया और 100 से अधिक देशों ने इस कार्यक्रम आयोजित में जुड़े हैं। वर्ष के लिए वर्ल्ड स्पेस विक एसोसिएशन विश्व अंतरिक्ष सप्ताह संघ ह्यूस्टन, टेक्सास, यूएसए के साथ लॉकहीड मार्टिन, यूटलसैट ग्रुप, यूएलए, जीईसी, जनरल डायनामिक्स मिशन सिस्टम्स, एयरबस, विआसट, गईया होराइजंस ने मुख्य प्रायोजित है। आधिकारिक साझेदार के रूप में संयुक्त राष्ट्र आउटर स्पेस कार्यालय, इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉमिकल फेडरेशन पेरिस फ्रांस, स्पेस फाउंडेशन कोलोराडो यूएसए, स्टेम नेक्स्ट, स्मिथसोनियन, मून विलेज एसोसिएशन, एस्टेरॉयड फाउंडेशन लक्जनबर्ग, स्टेलर लैब, डब्लूआईए, एसआईए, स्पेस जेनरेशन एडवाइजरी काउंसिल ऑस्ट्रिया ने कार्यविधि है। अमुजुरी विश्वनाथ ने पोस्टर जारी करते हुए बताया कि विद्यार्थी, शिक्षक, वैज्ञानिक, अंतरिक्ष उत्साही, पत्रकार, उद्यमी, आम जनता और सामुदायिक संगठन के लिए विभिन्न विषय पर वेबिनार, सम्मेलन, प्रतियोगिताएं, पुरस्कार का एक हफ्ता कार्यक्रम 4 से 10 अक्टूबर तक आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता एवं प्रोजेक्ट प्रविष्ठियां भेजने का अंतिम तिथि 18 अक्टूबर रखा गया है। लोगों को अंतरिक्ष विज्ञान, स्पेस मिशन, पृथ्वी निकट वस्तुओं, सैटेलाइट, रॉकेट्री, वातावरण के बारे में निःशुल्क प्रशिक्षण, जानकारी एवं मौका देना तथा जागरूक करना यह क्रार्यक्रम का उद्देश्य है।

### बस सेवा सरगुजा और बस्तर के लिए शुरू की गई

# हरी झंडी दिखाकर अमित शाह ने मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लालबाग मैदान में कार्यक्रम स्थल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत बस्तर संभाग के जिलों में संचालित होने वाली बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बस सेवा सरगुजा और बस्तर के लिए शुरू की गई है। जिसमें 34 बसें 34 रूट पर चलेगी। इसमें 250 गांव कवर होंगे। अभी तक वाहन योजना में लाभान्वित युवा नुकसान होने अथवा वाहन का किश्त नहीं पटाने के कारण योजना का लाभ नहीं ले पाते थे। जिस पर सरकार ने नुकसान की भरपाई करने का निर्णय लिया है।

### अमित शाह ने स्वदेशी मेला स्टाल का लिया जायजा



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लालबाग में स्वदेशी मेला के स्टॉल का अवलोकन किया। स्टाल के विषय में जानकारी दी गई। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा , वन मंत्री केदार कश्यप, मंत्री रामविचार नेताम, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, महापौर संजय पाण्डेय सहित अन्यजन प्रतिनिधि और अधिकारीगण मौजूद रहे।

# स्वदेशी व उद्यमिता का पाठ सभी विद्यार्थी पढ़ें : सतीश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में शनिवार को विकसित छत्तीसगढ़ में स्वावलंबी बस्तर की भूमिका विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में यूटीडी के अतिरिक्त विवि से सम्बद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों के कौशल विकास, उद्यमिता संवर्धन, प्रशिक्षण एवं रोजगार अवसरों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विवि और स्वावलंबी भारत अभियान के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर भी किए गए।कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि विवि से प्रतिवर्ष स्नातक व स्नातकोत्तर के करीब 25 हजार स्टूडेंट्स उत्तीर्ण होते हैं। इनमें से कम से कम दस फीसद स्टूडेंट्स को स्वरोजगार व स्टार्टअप से जोड़ने का प्रयास है। विद्यार्थी पाठ्यक्रम के साथ इंक्यूवेशन से भी जुड़े ताकि वे स्वदेशी वस्तुओं का उत्पादन कर सकें। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देश हमारी आवश्यकताओं को मजबूरी समझ आर्थिक व्यवहार करते हैं। स्वदेशी के माध्यम से हम आर्थिक व्यापार की कमियों की पूर्ति कर सकते हैं।

मुख्य अतिथि स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय सह संगठक सतीश कुमार ने कहा कि सभी विद्यार्थी अच्छे जॉब व कैरियर के स्वप्न लेकर विवि आते हैं लेकिन सभी के सपने पूरे नहीं हो पाते हैं। आज सभी सेक्टर मिलाकर केवल 10 फीसद युवाओं को ही रोजगार मिल पा रहा है। ऐसे में उद्यमिता एवं स्वरोजगार ही कैरियर का सबसे बेहतर साधन हैं। सतीश ने उपस्थित सभी शिक्षकों से अपील की कि वे विद्यार्थियों के दिमाग में स्वरोजगार एवं उद्यमिता प्रारंभ करने का विश्वास बिठा देने के प्रयास करें। इसके लिए युवाओं को सही गाइडेंस के साथ-साथ कुछ सक्सेस स्टोरी बताने का भी प्रयास हो। सतीश ने कहा कि सभी पाठ्यक्रम और सबजेक्ट के स्टूडेंट्स को स्वदेशी और उद्यमिता रूपी दो पाठ जरूर पढ़ने-पढ़ाने की कोशिश होनी चाहिए। विद्यार्थी न केवल स्वदेशी सामानों का क्रय-विक्रय को वरीयता दें बल्कि अपना भविष्य भी उद्यमिता ओर स्वरोजगार में ढूंढने का प्रयास करें।

# एनएनएमडीसी डीएव्ही आईटीआई नगरनार में मनाया गया कौशल दीक्षांत समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



एनएमडीसी डीएव्ही आईटीआई नगरनार में सत्र 2024-25 में उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के लिए कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के

- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को मेडल दिया गया

मुख्य अतिथि रेनू बघेल, सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत नगरनार तथा संस्था के प्राचार्य अभिषेक पवार द्वारा सर्वप्रथम सरस्वती माता के चलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गईं।

इसके पश्चात मेसन तथा वेल्डर ट्रेड के समस्त उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को एनटीसी एवं अंकसूची प्रदान कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को मेडल प्रदान किया गया। इसी कड़ी में युवराज हुमने ने 96.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मेसन ट्रेड में सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करके संस्था का गौरव बढ़ाया, संस्था द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ मुख्य अतिथि के द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रोत्साहन राशि भी पुरस्कार के रूप में दी गई। मुख्य अतिथि रैनू बघेल ने अपने उदबोधन में प्रशिक्षणार्थियों से अपने अनुभवों का साझा करते हुए अनुशासन एवं लगन के साथ कड़ी मेहनत कर जीवन में सफलता प्राप्त करने की बात कही। संस्था के प्राचार्य अभिषेक पवार ने प्रशिक्षणार्थियों को आईटीआई कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर बधाई दी, उन्होंने तकनीकी शिक्षा के महत्व को समझाते हुए संस्था की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और संस्था द्वारा प्रशिक्षणार्थियों के करियर मार्गदर्शन के लिए हर संभव मदद करने की बात कहते हुए उज्जवल भविष्य की कामना कर समस्त आगंतुक अतिथियों, पालकगण का धन्यवाद किया। उन्होंने संस्था को निरन्तर आगे बढाने के लिए एनएमडीसी प्रबंधन का भी आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनने में समस्त कर्मचारियों एवं प्रशिक्षणार्थियों का योगदान सरहनीय रहा।

# भारी बारिश में भी डिजनीलैंड जलपरी देखने उमड़ी भीड़

बिजनेस साइट





**जगदलपुर**। राजमहल परिसर में 24 सिंतबर से डिजनीलैंड मेला शुरु हो चुका है। यह मेला रोमांचित कर देने वाले झूलों,लाइव प्रदर्शन, बच्चों के खेलकूद और स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ 19 अक्टूबर तक चलेगा। यह मेला बच्चों और बड़ो दोनों के लिए विशेष रूप से चैयार किया गया है। दशहरा के उपलक्ष्य में इस बार मेले में गत वर्ष के रोमांचक झूलों के साथ और अधिक मनोरंजन देने वाले झूलों को भी शामिल किया गया है।

दशहरा के दौरान तेज वर्षा के बाद भी बस्तर के ग्रामीण लाईव जलपरी का शो देखने बड़ी संख्या में डिजनीलैण्ड पहुंचे रहे हैं। एशिया का सबसे बड़ा झूला स्कीन टॉवर झूला आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। पिछले बार मेला का मुख्य आकर्षण रहे एसी फिश टनल में इस बार लाईव जलपरी का नृत्य मेले के दर्शकों को देखने मिल रहा है। लंबे समय तक जल में श्वांस रोककर ये प्रशिक्षित कोरियन कलाकार देखने वालों को रोमांच के चरम पर पहुंचा देते है। ये कलाकार मछली के रूप में अपनी कौशल कला दिखा रहीं है। मेले में इसके अलावा कई हाइटेक झूलें एवं एडवेंचर राइड्स भी उपलब्ध है। बाजार के अंदर प्रवेश करते ही वहां की खूबसूरती मनभावन तो है साथ ही एक से बढ़कर एक आधुनिक झूले, बच्चों के खास झूले, जलपरी शो, थ्रीडी शो सहित अनेक मनोरंजन के आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित है तो इस मेला में जीवंत कोरियन इंसानी मछली की मनभावन करतब से हर किसी का दिल निहाल हो रहा है। इस अद्भुत मंजर को देखने लोग अब शाम ढलते ही अपनों के साथ बाजार का भरपूर आनंद ले रहे हैं।

आयोजकों ने कहा कि शहरवासियों के स्नेह और सहयोग से इस बार हमने मेला को भव्यता देने के लिए हर संभव प्रयास किए हैं ताकि जनता का भरपूर मनोरंजन हो सके। उन्होंने कहा कि बस्तर में पहली बार स्कीन टॉवर झूला, सुनामी झूला, फ्रिसबी झूला, कटर पिलर, मौत का कुआँ लगाए गए हैं जो लोगो को रोमांचित कर रहे हैं।

इसी तरह मीना बाजार में देश भर के हेंडलूम क्रॉफ्ट का विशाल स्टॉल लगाया गया है जहाँ लोगों को उनकी मनपसंद चीजें मिलेंगी। इसमें विभिन्न प्रांत से आए विभिन्न धर्म के लोगों को रोजगार प्रदान किया गया है। स्वस्थ मनोरंजन, हेंडलूम स्टॉल के अतिरिक्त लजीज व्यंजनों का भी स्टॉल लगाया गया है जिसमें गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा गया है। लोग अपनों के साथ मनभावन व्यंजनों का स्वाद चख रहे हैं। सभी स्टॉलों में स्टाल संचालक द्वारा आनलाईन पेमेंट की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

मेला में मनोरंजन करने आए सम्मानीय लोगों को किसी तरह की असुविधा का सामना ना करना पड़े इसके लिए विशाल पार्किंग के साथ ही अन्य समुचित व्यवस्था की गई है जिसमें हर दिशा में निगरानी के लिए 70 से अधिक सीसी टीवी कैमरे एवं फायर सेफ्टी इक्यूपमेंट की पूरी व्यवस्था की गई है। आगंतुको के प्रवेश के लिए एक एवं निकासी के लिए दो द्वार की व्यवस्था है इसके अलावा एक और आपातकालिन निकासी द्वार भी बनाया गया है।




# गायत्री प्रज्ञा पीठ ने धूमधाम से मनाया नवरात्र महापर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शारदीय नवरात्र पर्व गायत्री परिवार ने धूमधाम के साथ मनाया। पूरे 9 दिनों तक विभिन्न धार्मिक पूजा अनुष्ठान किया गया।

प्रज्ञा पीठ बस्तर में गायत्री परिवार एवं स्थानीय साधकों के द्वारा गायत्री महायज्ञ कर हवन का धार्मिक आयोजन किया गया। जिसमें सम्मलित गायत्री परिवार के श्रद्धालुओं ने आहुति दी। ततपश्चात महाभंडारी का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र वासियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। जीवन निर्माण के महत्वपूर्ण सूत्रों के साथ गायत्री परिवार ने बताया कि जीवन को श्रेष्ठ कार्यों में लगा देना मां गायत्री और मां दुर्गा की श्रेष्ठ साधना है। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन से शंभू नाथ नाग और ज्ञान प्रकाश की टोली के द्वारा किया गया। गायत्री परिवार विकासखंड समन्वयक सुधु राम कश्यप एवं गायत्री प्रज्ञा पीठ मंदिर संचालिका वेदवती ध्रुव एवं सुषमा सिंहा अनीता ध्रुव, मंगल भारद्वाज,नंद किशोर झा,जितेंद्र सोरी,ललीता मंडावी रामबती मौर्य सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।




